सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु,
सिद्धार्थनगर पिन–272202
Website: www.suksn.edu.in

Siddharth University Kapilvastu,
Siddharthnagar Pin – 272202
Email Id: registrar@suksn.edu.in

पत्रांक 559 /सा0प्र0/सि0वि0वि0/2025 दिनांक 21/08/2025

सेवा में,

1. नोडल अधिकारी,
अखिल भारतीय उच्चतर शिक्षा सर्वेक्षण (AISHE) पोर्टल
सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर।

अनुस्मारक–1
(अतिमहत्वपूर्ण)

2. समस्त प्राचार्य/प्रबन्धक
स्ववित्त पोषित/राजकीय/अनुदानित महाविद्यालय
सम्बद्ध–सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर।

विषय–अखिल भारतीय उच्चतर शिक्षा सर्वेक्षण के पोर्टल पर डी0सी0एफ0 एवं टी0आई0एफ0 का डाटा अपलोड किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय/महोदया,

उपर्युक्त विषयक अखिल भारतीय उच्चतर शिक्षा सर्वेक्षण (उ0प्र0) के पत्रांक 176/SNO-UP/AISHE/8/19 दिनांक 22.07.2025 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसमें अवगत कराया गया है कि **शैक्षिक वर्ष 2024–25** हेतु भारत सरकार द्वारा अखिल भारतीय उच्चतर शिक्षा सर्वेक्षण (AISHE) के पोर्टल पर डी0सी0एफ0/टी0आई0एफ0 डाटा अपलोड किये जाने का कार्य **15 जुलाई 2025 से प्रारम्भ किया जा चुका है। परन्तु डाटा भरने की प्रगति अत्यन्त धीमी है। जिससे शासन स्तर पर खेद व्यक्त किया गया है।**

तद्क्रम में सूच्य है कि विश्वविद्यालय के पत्रांक 384/सा0प्र0/सि0वि0वि0/2025 दिनांक 25/07/2025 द्वारा नोडल अधिकारी, अखिल भारतीय उच्चतर शिक्षा सर्वेक्षण (AISHE) पोर्टल सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर तथा समस्त सम्बद्ध राजकीय, अनुदानित एवं स्ववित्तपोषित महाविद्यालयों के प्राचार्य/प्रबन्धक को निर्देशित किया गया था कि अपने महाविद्यालय का अखिल भारतीय उच्चतर शिक्षा सर्वेक्षण (AISHE) के पोर्टल पर डी0सी0एफ0/टी0आई0एफ0 डाटा दिनांक 15.08.2025 तक अपलोड कराने का कष्ट करें परन्तु अभी तक कई महाविद्यालयों/संस्थाओं द्वारा उक्त डाटा नही भरा गया है।

**अतः आपसे पुनः अनुरोध है कि दिनांक 31.08.2025 तक अखिल भारतीय उच्चतर शिक्षा सर्वेक्षण (AISHE) के पोर्टल पर डी0सी0एफ0/टी0आई0एफ0 डाटा अपलोड कराने का कष्ट करें।**

अखिल भारतीय उच्चतर शिक्षा सर्वेक्षण (AISHE) के पोर्टल पर डी0सी0एफ0/टी0आई0एफ0 डाटा अपलोड होने के उपरान्त प्राप्त सर्टिफिकेट की एक प्रति अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

**संलग्नक–यथोक्त।**

21.08.25
कुलसचिव
सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु
सिद्धार्थनगर।

पत्रांक एवं दिनांक तदैव।
प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
1. निजी सचिव, कुलपति, मा0 कुलपति जी के अवलोकनार्थ।
2. प्रभारी कोडिंग, सि0वि0वि0 कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर
3. सम्बन्धित पत्रावली हेतु।

कुलसचिव

# अखिल भारतीय उच्चतर शिक्षा सर्वेक्षण (उ0प्र0)
## (All India Survey on Higher Education, U.P)

Phone No: 0522- 2287977 **Email:** aishecellup@gmail.com


पत्रांकः **176/SNO-UP /AISHE/ 8/19** दिनांक : 22.07.2025

सेवा में, अनुस्मारक - I

कुलसचिव,
समस्त राज्य विश्वविद्यालय,
निजी विश्वविद्यालय, प्राविधिक विश्वविद्यालय,
चिकित्सा विश्वविद्यालय, कृषि विश्वविद्यालय,
उ0प्र0।

विषयः—अखिल भारतीय उच्चतर शिक्षा सर्वेक्षण के पोर्टल पर डी0सी0एफ0 एवं टी0आई0एफ0 का डाटा अपलोड किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया अवगत कराना है शैक्षिक वर्ष 2024–25 हेतु भारत सरकार द्वारा अखिल भारतीय उच्चतर शिक्षा सर्वेक्षण (AISHE) के पोर्टल पर डी0सी0एफ0/टी0आई0एफ0 डाटा अपलोड किये जाने का कार्य 15 जुलाई 2025 से प्रारम्भ किया जा चुका है। उक्त के संबंध में कार्यालय के पत्रांक सं0 174/SNO-UP /AISHE/ 8/19 दिनांक : 22.07.2025 द्वारा अखिल भारतीय उच्चतर शिक्षा सर्वेक्षण (AISHE) के पोर्टल पर डी0सी0एफ0 / टी0 आई0 एफ0 का डाटा अपलोड किये जाने का अनुरोध किया गया था, किन्तु पोर्टल डी0सी0एफ0 /टी0आई0एफ0 का डाटा भरने की प्रगति अत्यन्त धीमी है। जिससे शासन स्तर से खेद व्यक्त किया गया है। प्रकरण अतिमहत्वपूर्ण एवं शीर्ष प्राथमिकता का है।

अतः आपसे पुनः अनुरोध है अपने विश्वविद्यालय एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों/पैरामेडिकल /मेडिकल/फॉर्मेसी/पॉलीटेक्निक संस्थानों को अखिल भारतीय उच्चतर शिक्षा सर्वेक्षण में डी0सी0एफ0/टी0आई0एफ0 डाटा दिनांक 31.08.2025 तक प्रत्येक दशा में अपलोड करने हेतु आदेशित करने का कष्ट करें।

भवदीय,

Sanjay

**(संजय कुमार दिवाकर)**
राज्य नोडल अधिकारी,
अखिल भारतीय उच्चतर शिक्षा सर्वेक्षण,
उत्तर प्रदेश।

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सादर सूचनार्थ :—

1. संयुक्त निदेशक (AISHE Cell), मानव संसाधन विकास मंत्रालय, उच्च शिक्षा विभाग, पी0एम0 एवं सांख्यिकी विभाग, नई दिल्ली।
2. निजी सचिव, प्रमुख सचिव/अध्यक्ष (AISHE) उच्च शिक्षा विभाग उ0प्र0 शासन।
3. संबंधित विश्वविद्यालय के AISHE नोडल अधिकारी को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।


**Office Address:** 651-652, Indira Bhawan, Ashok Marg, Lucknow (U.P.) 226001